| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज |
|---|---|
| 04/08/23 | पत्रावली आज पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा विपक्षीगण के समन डाक द्वारा लेकर रिपोर्ट पेश की। विपक्षीगण अनुपस्थित। विपक्षीगण को कोर्ट समन में तीन बार तीन-तीन आवाजें दिलाई गयी। बावजूद आवाजें दिलाने के विपक्षीगण अनुपस्थित। अतः विपक्षीगण के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही की जाती है। वकील प्रार्थी से पत्रावली पर बहस सुनी। आदेश अलग से लिखाया जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया। आदेश की पालनार्थ तहरीर जारी हो। पालना प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली की जावे। पत्रावली नियमानुसार होकर दाखिल दफ्तर हो। |
| | उपखण्ड अधिकारी, गुढ़ामालानी |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी (बाड़मेर)
## पीठासीन अधिकारी श्री रामजी भाई कलबी आर.ए.एस

प्र. सं. संख्या: 87 / 2023

प्रार्थीगण :–

1. माना पुत्र राऊ
जाति जाट निवासी कूडा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

बनाम

विप्रार्थीगण :–

1. केसा पुत्र हीरा
2. गोकलाराम पुत्र पीराराम
3. गोदाराम पुत्र पीराराम
4. पीराराम पुत्र हेमाराम
5. भगवाना पुत्र हीरा
6. भीखी पत्नी हीरा
7. हुकमाराम पुत्र पीराराम
8. सारोंदेवी पत्नी लिखमाराम
9. कंवराराम पुत्र हेमाराम
10. पूनमा पुत्र लाला
11. भगवानाराम पुत्र हेमाराम
12. भंवरीदेवी पत्नी भगवानाराम
13. डूंगराराम पुत्र कोलाराम
14. रिडमलराम पुत्र कोलाराम
15. गोगा पुत्र आदू
16. जेठी पत्नी आदू
17. बाका पुत्र आदू
18. रामा पुत्र आदू
19. किसनाराम पुत्र हडुमानराम
20. खेतूदेवी पत्नी हडुमानराम
21. जीवाराम पुत्र हडुमानराम
22. देवाराम पुत्र हडुमानराम
23. बाबूलाल पुत्र हडुमानराम
जाति जाट निवासी कूडा तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर
24. मोडगर पुत्र गणेशगर जाति गोस्वामी निवासी कूडा तहसील गुड़ामालानी
25. तहसीलदार गुड़ामालानी

**राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

उपस्थित

1. श्री डालूराम चौधरी अधिवक्ता प्रार्थीगण

–:: आदेश ::–

दिनांक :– 02.08.2023

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 रा.भू. रा. अधिनियम हेतु, नेखम पैमाईश जरिये पत्थर गढी का विप्रार्थीगण के विरूद्ध पेश किया। प्रकरण दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। विप्रार्थीगण के विरूद्ध बावजूद नोटिस तामील अनुपस्थित रहने से एक पक्षीय कार्यवाही की गई।

हमने प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता श्री डालूराम चौधरी की बहस सुनी एवं पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जमाबन्दी सम्वत्

उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी

2078 (वर्ष 2021) से स्थाई सरहद मौजा कूडा पटवार क्षेत्र रतनपुरा तहसील गुड़ामालानी के खेत खसरा नम्बर 38, 40/1 रकबा क्रमशः 2.2258, 2.1286 हैक्टेयर कुल रकबा 4.3544 हैक्टेयर का अवलोकन किया। जिसमें प्रार्थी का नाम बतौर खातेदारी दर्ज है। प्रार्थी की भूमि के चारों ओर सीमा चिन्ह व पक्की माटे नहीं होने से काश्त व प्राकृतिक पैदावार लेते समय तनाव व विवाद की स्थिति पडौसी खातेदारों के साथ उत्पन्न हो जाती है जिससे बचने के लिये प्रार्थी अपनी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहते है। ऐसी स्थिति में दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में विवादित भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पक्के नेखम स्थापित करवाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होने एवं प्रार्थी विवादित भूमि का राजस्व अभिलेख में खातेदार दर्ज होने से प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गुड़ामालानी को आदेशित किया जाता है दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में विवादित भूमि तहसील गुड़ामालानी पटवार क्षेत्र कूडा पटवार क्षेत्र रतनपुरा तहसील गुड़ामालानी के खेत खसरा नम्बर 38, 40/1 रकबा क्रमशः 2.2258, 2.1286 हैक्टेयर कुल रकबा 4.3544 हैक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में सीमाज्ञान करवाकर चारों ओर पक्के नेखम स्थापित करावें। पक्के नेखम स्थापित करवाने हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को 1000/— शुल्क पर कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर शुल्क प्रार्थीगण मौके पर अदा करेंगे। आवश्यकता होने पर तहसीलदार गुड़ामालानी को थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ामालानी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहसीलदार गुड़ामालानी बाद पालना, पालना प्रतिवेदन प्रेषित करे। तहरीर जारी हो। पालना प्रतिवेदन प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज दिनांक 2/8/23....... को खुले न्यायालय सुनाया गया।

( रामजी भाई कलबी )
उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी (बाड़मेर)

दिनांक : 2/8/23

वाद/2023/835

विप्रार्थीगण

प्रार्थीगण

बनाम

केसा वगैरा

माना

<u>प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 रा.भू.रा. अधिनियम हेतु नेखम पैमाईश जरिये पत्थर गढ़ी</u>

निर्णय दिनांक :– **02.08.2023**

राजस्व आवेदन सं......67/2023..

–:: आदेश ::–

उपरोक्त प्रकरण में ग्राम कूडा के खेत खसरा नम्बर 38, 40/1 रकबा कमशः 2.2258, 2.1286 हैक्टेयर की भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार....गुड़ामालानी.....को कमीशनर नियुक्त किया जाता है। कमीशनर फींश रूपये ....1000/–...प्रार्थी अदा करेंगे।

उपरोक्तानुसार नेखमबंदी कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें। आवश्यकता होने पर सम्बन्धित पुलिस थाना से पुलिस ईमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी,
गुडामालानी

कमांकः वाद/2023/835-36

दिनांक : 2-8-23

प्रतिलिपि :

1. तहसीलदार गुड़ामालानी
2. थानाधिकारी..........गुड़ामालानी
3. हल्का पटवारी....रतनपुरा.. को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु।
4. प्रार्थीगण.........माना पुत्र राऊ
5. विप्रार्थीगण.....केसा वगैरा....

उपखण्ड अधिकारी,
गुडामालानी